दिनांकः 19.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राजस्थान स्थापना दिवस प्रदेशभर में विभिन्न वर्गों के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समीक्षा की।
- जयपुर में आज से एशियाई प्रशांत पोस्टल लीडर फोरम का आयोजन–डाक नेटवर्क को मजबूत करने पर मंथन किया जाएगा।
- भारतवंशी अन्तरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की आज सुबह सकुशल धरती पर वापसी।
- रंगपंचमी का पर्व आज परम्परागत उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

......................

राजस्थान स्थापना दिवस पर 30 मार्च को राज्य सरकार प्रदेशभर में विभिन्न वर्गों के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आयोजन की समीक्षा करते हुए इन कार्यक्रमों में युवा, किसान और महिला सहित विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचाने तथा उनसे संबंधित सौगातें देने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के जरिए विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला मुख्यालयों पर रोजगार उत्सव आयोजित किये जाएंगे और युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये जाएंगे। स्थापना दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों पर 'रन फॉर फिट राजस्थान' का भी आयोजन रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजित कार्यक्रमों में महिला वर्ग को भी विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। लाडो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों सहायता राशि सीधी हस्तांतरित की जाएगी। इसके अलावा विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना और कालीबाई भील योजना के तहत भी किशोरियों को लाभान्वित किया जाएगा।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकारी सेवा में भ्रष्टाचार के 13 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही और अभियोजन की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही है और इसी क्रम में ये स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने एक प्रकरण में सेवानिवृत्त अधिकारी की पेंशन रोकने तथा 3 प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों के विरूद्ध सीसीए नियम 16 के तहत वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये।

......................

होली के अवकाश के बाद राज्य विधानसभा की कार्यवाही आज फिर शुरू होगी। सदन के पटल पर दो ध्यान आकर्षण प्रस्ताव पेश किये जाएंगे। विधायक बालमुकुंद आचार्य जयपुर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कराए कामों में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ कार्यवाही के संबंध में और विधायक भीमराज भाटी, नागौर की विद्युत आपूर्ति समस्या से संबंधित ध्यान आकर्षण प्रस्ताव रखेंगे। सदन की मेज पर ऊर्जा विभाग की अधिसूचना और भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण का लेखा और वार्षिक प्रतिवेदन भी रखे जाएंगे। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण और विनियमन विधेयक 2025 पुरःस्थापित करने के लिए प्रस्ताव लाएंगे। इसके अलावा राजस्थान भूजल संरक्षण और प्रबंध प्राधिकरण विधेयक 2024 को भी विचार के लिए रखा जाएगा।

......................

जयपुर में आज से एशियाई प्रशांत पोस्टल लीडर फोरम का आयोजन किया जा रहा है। 21 मार्च तक चलने वाले इस पहले फोरम का विषय, "डाक नेटवर्क को मजबूत करना" है। यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन–यूपीयू और डाक विभाग, की ओर से आयोजित इस आयोजन में डाक क्षेत्र के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर विचार विमर्श किया जाएगा। आयोजन के विभिन्न सत्रों में सहयोगी देशों के बीच तकनीकी सहायता को साझा करने और नवाचार को बढ़ाने के लिए मंथन किया जाएगा।

इस दौरान डाक सेवाओं और उनकी आर्थिक भागीदारी तथा विकास को बढ़ाने के लिए भी विशेषज्ञ अपनी बात रखेंगे। फोरम में एशिया–प्रशांत क्षेत्र के डाक प्रशासनों के प्रतिनिधि, यूपीयू जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठन और सरकारी अधिकारी शामिल होंगे।

.....................

प्रदेश में महिलाओं और स्वंय सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार मुहैया कराने और मंच प्रदान करने के लिए इन दिनों जिला मुख्यालयों पर राजसखी मेले लगाए जा रहे हैं। भरतपुर के शास्त्री पार्क में कल से शुरू हुए मेले में ब्रज क्षेत्र की हथकरघा, हस्तशिल्प और पारम्परिक उत्पादों के साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध अचार और सरसों का तेल की स्टॉल्स भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। इधर, सवाईमाधोपुर के इंदिरा मैदान में आज से राजसखी मेले की शुरूआत हो रही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.....................

भारतवंशी अन्तरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स नौ महीने से अधिक समय अंतरिक्ष में बिताने के बाद आज सुबह धरती पर सुरक्षित लौट आईं। उनके साथ सहयात्री बुच विल्मोर भी सकुशल लौट आए। अमरीका में फ्लोरिडा में स्पेस एक्स के कैप्सूल, यान ने तड़के सफल लैंडिंग की। 5 जून 2024 को 8 दिन के लिए अन्तरिक्ष मिशन पर निकली सुनिता विलियम्स और उनके साथी यान में तकनीकी खराबी की वजह से 286 दिन से अन्तरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए थे। उनकी सकुशल वापसी के लिए नासा ने विशेष अभियान चलाया था।

.....................

प्रदेश में आगामी गर्मी के मौसम में मौसमी बीमारियों और लू–तापघात सहित संभावित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने इस संबंध में कल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। श्रीमती राठौड़ ने सभी जिलों में पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने और कंट्रोल रूम बनाने को कहा। उन्होंने जरूरी स्वास्थ्य उपकरणों, ऑक्सीजन प्लांट, जांच मशीनों सहित आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा रखने के निर्देश दिये। प्रमुख शासन सचिव ने चिकित्सा संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर बनाने और मरीजों की सुविधा के लिए सभी इंतजाम सुनिश्चित को कहा।

.....................

जैसलमेर के सीमावर्ती गांवों में सीमा सुरक्षा बल की ओर से सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत बल की 192वीं वाहिनी की ओर से कल मिठडाऊ और केरला गांवों में चिकित्सा शिविर लगाए गए। क्षेत्र के विद्यालयों और ग्राम पंचायतों में बल की और से खेलकूद और कार्यालय का सामान का सामान तथा पाठ्य सामग्री भी वितरित की गई।

.....................

प्रदेश में आज कई स्थानों रंगपंचमी का पर्व परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर कृष्ण मंदिरों में फागोत्सव रखे गए हैं और मंगल गीत गाकर रंग गुलाल से होली खेली जा रही है। पाली के ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत चंग की थाप पर महिलाएं लूर होली के गीत गाती नजर आ रही हैं और कोडामार होली खेल रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि क्षेत्र के सेवाड़ी, कठावा और आस–पास के गांवों में परम्परागत रूप से गेर नृत्यों की प्रस्तुति भी दी जा रही है।

.....................

आदिवासी बाहुल्य डूंगरपुर जिले में कल परम्परागत रूप से कंडों की राड़ खेली गई। इसमें बडी संख्या में स्थानीय समुदाय शामिल हुए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री शर्मा ने लोगों के जीवन में उत्साह, समृद्धि और सकारात्मकता बने रहने की कामना की।

.....................